Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request the government to provide land to the farmers against their land acquition in Ratlam, M.P.

श्री गुमान सिंह दामोर (रतलाम): अध्यक्ष महोदय, मैं आपको प्रणाम करते हुए आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र के रतलाम एवं झाबुआ जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाइवे निकल रहा है और इसके लिए भूमि अधिग्रहण की जा रही है । यह भूमि 90 परसेंट जनजातीय किसानों की है । इस अधिग्रहण में जनजातीय किसानों के कुएं, पाइपलाइन, बिजली, वृक्षों और खेतों का मूल्यांकन नहीं हुआ है । कई किसान ऐसे हैं, जिनका 80-80 सालों से जमीन पर कब्जा है, लेकिन उनका मूल्यांकन नहीं हुआ है । इनको जो मुआवजा दिया जाना है, वह बाजार मूल्य से बहुत कम है । मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि भूमि अधिग्रहण के बदले उनको भूमि उपलब्ध करा दी जाए, ताकि वे भूमिहीन किसान न हों । अगर उनको भूमि उपलब्ध नहीं करवाते हैं तो इसमें से अधिकांश किसान भूमिहीन हो जाएंगे और उनके लिए जीवनयापन का कोई साधन नहीं रहेगा ।